हिंदी दैनिक
नागपुर मेट्रो समाचार
नागपुर, रविवार, 23 फरवरी 2025

मेट्रो सिटी

अवैध हथियार रखने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

नागपुर. बेलतरोडी पुलिस ने गश्त के दौरान दो अलग-अलग मामलों में अवैध रूप से चाकू रखने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पहली घटना सोमवार बाजार रोड, कालू चिकन सेंटर के पास रात करीब 10:15 बजे हुई। पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को रोककर पूछताछ की, जिसकी पहचान सनी संतराम गायकवाड़ (22) कैकाड़ी नगर, बेलतरोडी निवासी के रूप में हुई। तलाशी के दौरान उसके पास से लोहे का चाकू बरामद किया गया । दूसरी घटना रात करीब 11:30 बजे महाजन आटा चक्की के पास हुई, जहां एक व्यक्ति चाकू लहराते हुए हंगामा कर रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को घेरकर हिरासत में लिया। आरोपी की पहचान रोहित उर्फ पंडित संतोष तिवारी (29) राकेश ले-आउट, बेलतरोडी निवासी के रूप में हुई। पुलिस ने उसके हाथ से लोहे का चाकू बरामद किया। दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

पारडी फ्लाईओवर का हिस्सा नहीं बल्कि कॉन्क्रीट मलबा गिरा

> निर्माण कंपनी जीडीसीएल ने स्पष्टीकरण किया जारी

नागपुर.

पारडी फ्लाईओवर गुणवत्ता को लेकर उठाये जा रहे सवाल पर निर्माण कंपनी डीडीसीएल ने स्पष्टीकरण दिया है। कंपनी ने बयान जारी करते हुए हुआ कहा कि, फ्लाईओवर में कंपन के कारण वेस्ट कंक्रीट जो चिपका हुआ था वह नीचे गिरा है। इसी के साथ कंपनी ने यह भी कहा कि, फ्लाईओवर से सभी बेस्ट कॉन्क्रीट को हटा दिया गया है।

पारडी फ्लाईओवर अपने निर्माण से लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। पहले जहां निर्माण में हो रही देरी को अब उसके गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। दो दिन पहले फ्लाईओवर के सेन्ट्रल एविनियु और भांडेवाड़ी वाले हिस्से का उद्घाटन यातायात के लिए किया गया। हालांकि, उद्घाटन के 24 घंटे के अंदर नवनिर्माण हिस्से से कॉन्क्रीट टूटकर नीचे जा रही एक कार पर गिर गया। जिसके कारण कार का ऊपरी हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि, दुर्घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन कार का बड़ा नुकसान हुआ।

घटना के बाद फ्लाईओवर के निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे। इसी बीच फ्लाईओवर का निर्माण करने वाली कंपनी ने जवाब दिया है। निर्माण कंपनी ने कहा कि, फ्लाईओवर पूरी तरह सुरक्षित है और उसके किसी हिस्से में टूट नहिनी हुई है। जो कंक्रीट गिरा है वह पुल का वेस्ट हिस्सा था। कंपन के कारण यह हिस्सा नीचे गिरा। कंपनी ने बताया कि, फ्लाईओवर के कई हिस्सों में इसी तरह का वेस्ट कॉन्क्रीट लगा हुआ था, जिसे अब ठीक कर लिया गया है।

भाजपा विधायक खोपड़े ने की जांच की मांग

पूर्व नागपुर के विधायक कृष्ण खोपड़े ने जाँच की मांग की है। खोपड़े ने कहा कि, इसको लेकर वह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखेंगे और जाँच की मांग करेंगे। इसी के साथ भाजपा विधायक ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की बात भी कही।

28 तक शहर में 7 लाख 38 हजार कार्डों का ई-केवाईसी पूरा करने का लक्ष्य

नागपुर.

सरकार ने सभी प्रकार के राशन कार्डों का ई केवाईसी करने का आदेश दिया है। शहर में सभी प्रकार के मिलाकर 7 लाख 38 हजार 633 राशन कार्ड है और सभी राशन कार्डों का ई केवाईसी 28 फरवरी तक होना जरूरी है। तय समय में ई केवाईसी नहीं होने पर सरकारी अनाज बंद होने का खतरा है।

नागपुर शहर में 46 हजार 156 अंत्योदय, 3 लाख 79 हजार 833 प्राधान्य, 2 लाख 67 हजार 265 एनपीएच व 45 हजार 379 एपीएल (सफेद) कार्ड है। अंत्योदय व प्राधान्य को मुफ्त में सरकारी अनाज मिलता है। शहर में इनकी संख्या 4 लाख 25 हजार 989 है। सूत्रों के मुताबिक अभी तक लगभग 75 फीसदी राशन कार्डों का ई केवाईसी का काम पूरा हो चुका है। सरकार इसके पूर्व दो बार ई केवाईसी की मियाद बढ़ा चुकी है। खाद्यान्न आपूर्ति अधिकारी (नागपुर शहर) विनोद काले ने बताया कि 28 फरवरी तक सभी कार्ड धारकों को राशन दुकानों में जाकर ई केवाईसी करना जरूरी है। राशन कार्ड पर जितने नाम हैं, उन सभी को अपना आधार कार्ड लेकर ई केवाईसी करना होगा। जिन्हें मुफ्त में राशन नहीं मिलता, उन्हें भी ई केवाईसी करना जरूरी है। राज्य सरकार ने अंत्योदय कार्ड पर मुफ्त में साडी देने का निर्णय लिया है। शहर में 45 हजार 379 अंत्योदय कार्ड है, इस हिसाब से शहर में राशन दुकानों से 45 हजार 379 साड़ियां मुफ्त में बांटी जाएगी। यह योजना पिछले वर्ष से लागू हुई है। होली तक साड़ियां मिलने की पूरी उम्मीद है। राशन दुकानों से इन साड़ियों का वितरण होगा।

एक सप्ताह से भी कम समय बचा है

शहर में लगभग 650 राशन दुकानें है और सभी 7 लाख 38 हजार 633 राशन कार्डों का ई केवायसी करना जरूरी है। एक सप्ताह से भी कम का समय बचा है और इस दौरान ई केवाइसी नहीं होने पर मुफ्त अनाज पर संकट आ सकता है। राशन कार्ड सरकारी स्वास्थ्य सेवा में भी लागू है और केशरी राशन कार्ड पर 5 लाख तक का स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

आर. डी. इंटरनेशनल ई-स्कूल का वार्षिक महोत्सव संपन्न

नागपुर.

आर. डी. इंटरनेशनल ई-स्कूल का वार्षिक महोत्सव संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम देवतारे सभागृह कलमना में बड़े उतसाह के साथ सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिल महादेवराव शिवंकर थे। तथा शेषराव गोतमारे, सुरेन्द्र ठाकरे, सौ. सविता देव्हारे (संस्था अध्यक्ष), राजू देव्हारे (सचिव), हरिशचंद्र नागोसे, अनिल नागोसे, नंदा ठाकरे एवं अन्य मेहमान उपस्थित थे। विद्यार्थियों ने विविध नृत्य तथा नाटक प्रस्तुत किये। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रेरक मधुकर देव्हारे का मुख्य अतिथि द्वारा सन्मान किया गया। मुख्य अतिथि शिवनकर ने नन्हे बच्चों की बहुत सराहना की। कार्यक्रम का समापन दूसरे दिन विद्यार्थियों के सहभोजन से हुआ।

मारपीट के बाद युवक पर जानलेवा हमला

>5 आरोपी गिरफ्तार

नागपुर. वाड़ी परिसर में हुए एक विवाद ने शुक्रवार रात खूनी संघर्ष का रूप ले लिया, जब दाभा टोल नाका के पास एक युवक पर घातक हमला किया गया। हमलावरों ने डंडे और कुल्हाड़ी से वार कर युवक को गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस मामले में गिट्टीखदान पुलिस ने तुरंत कार्यवाही करते हुए 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में घायल युवक की पहचान स्मृति लेआउट, दत्तवाड़ी निवासी आदित्य उर्फ डोमा शेषराव राउत (25) के रूप में हुई है।

व्हाट्सएप ग्रुप से शुरू हुआ विवाद

मिली जानकारी के अनुसार, इस घटना की जड़ एक व्हाट्सएप ग्रुप पर हुई चैटिंग थी। आदित्य और सोयल गणवीर के भाई रॉयल गणवीर के बीच ग्रुप पर किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। बहस इतनी बढ़ गई कि रॉयल ने आदित्य को फोन कर अपशब्द कहे। इस बात से नाराज होकर आदित्य अपने दोस्तों गुप्ता, अक्षय और एक अज्ञात युवक के साथ शाम 7.30 बजे सोयल के घर पहुंचा।

घर पर सोयल न मिलने के कारण आदित्य और उसके साथी रॉयल गणवीर को बातचीत के बहाने बाहर बुलाकर अपने साथ ले गए। इसके बाद उन्होंने रॉयल को बुरी तरह पीटा और किसी ठोस वस्तु से उसके सिर पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद आदित्य और उसके साथी फरार हो गए। रॉयल ने तुरंत वाड़ी थाने पहुंचकर अपने साथ हुई मारपीट की शिकायत दर्ज कराई।

बदले की आग में झुलसे आरोपी

अपने भाई पर हमले की खबर मिलते ही सोयल और उसके साथी गुस्से में आ गए और आदित्य की तलाश में निकल पड़े। रात करीब 9.30 बजे, जब आदित्य दाभा टोल नाका के पास पहुंचा, तो आरोपियों ने उसे देख लिया और तुरंत घेर लिया। सोयल गणवीर और उसके साथियों ने आदित्य पर डंडों और कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ हमला किया, जिससे वह बुरी तरह घायल हो गया।

पुलिस ने दबोचे 5 आरोपी

घटना की जानकारी मिलते ही गिट्टीखदान पुलिस ने तुरंत जांच शुरू कर दी और आदित्य के भाई हार्दिक राउत की शिकायत पर हत्या के प्रयास सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। शनिवार सुबह पुलिस ने महादेवनगर, वाड़ी निवासी सोयल नंदलाल गणवीर (21), नयन संदीप उइके (20), प्रथमेश उर्फ दत्ता संजय गोरले (26), पियूष भागवत तोड़ासे (23) और प्रज्वल सुनील खेड़कर (20) को गिरफ्तार कर लिया। फिलहाल पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है और अन्य संभावित आरोपियों की तलाश जारी है।

मुंडा देवल महादेव मंदिर में शिवरात्रि उत्सव 24 से 27 तक

नागपुर. प्राचीन मुन्डा (भोंडा) देवल महादेव मंदिर समिति, सीताबर्डी, टेकड़ी रोड की ओर से महाशिवरात्रि उत्सव का भव्य आयोजन 24 फरवरी से 27 फरवरी तक किया गया है। इसमें भगवान भोलेनाथ का विवाह माता पार्वती संग उत्सव रूप में किया जाएगा। मंदिर समिति ने बताया कि सोमवार, 24 फरवरी को शाम 6 बजे गणेश पूजन व मेहंदी उत्सव होगा। मंगलवार, 25 फरवरी को शाम 6 हल्दी, संगीत का कार्यक्रम होगा। उत्सव के मुख्य दिवस बुधवार, 26 फरवरी महाशिवरात्रि, भोलेनाथ का शुभ विवाह का आयोजन होगा। दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहेगा। गुरुवार, 27 फरवरी को महाप्रसाद भक्तों में वितरित किया जाएगा। सभी से उपस्थिति की अपील मंदिर समिति ने की है।

बाबा ताजुद्दीन की छब्बीसवीं शरीफ 25 को मनाई जाएगी

नागपुर. हजरत बाबा सैयद मोहम्मद ताजुद्दीन रहमतुल्लाह अलैह की छब्बीसवीं शरीफ 25 फरवरी को ताजाबाद दरगाह परिसर में हर्षोल्लाष के साथ मनाई जाएगी. छब्बीसवीं पर हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट की तरफ से विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. सुबह 9 बजे ट्रस्ट कार्यालय में दस्तारबंदी होगी और इसके बाद दरगाह परिसर में श्रद्धालुओं की मौजूदगी में परचम कुशाई की रस्म अदा की जाएगी. इसके बाद सलातो सलाम पढ़ा जायेगा. पश्चात् प्रार्थना होगी. छब्बीसवीं पर दरगाह परिसर में कव्वाली, मिलाद शरीफ सहित विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे. श्रद्धालुओं में लंगर बांटा जायेगा. हजरत बाबा ताजुद्दीन ट्रस्ट के चेयरमैन प्यारे जिया खान, सचिव ताज अहमद राजा, उपाध्यक्ष डॉ सुरेंद्र जिचकार, हाजी इमरान खान ताज़ी, गजेंद्रपाल सिंह लोहिया, मुस्तफाभाई टोपीवाला ने सभी श्रद्धालुओं से छब्बीसवीं में शामिल होने की अपील की है.

श्रीमद्भागवत कथा सभी के लिए सुखदायी: योगेश

> खलासी लाइन शिव मंदिर में भागवत कथा आरम्भ

नागपुर.

शिव मंदिर पंच कमेटी, खलासी लाइन की ओर से शिव मंदिर प्रांगण में श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ हो चुका है। कथा का सरस वर्णन कथाकार योगेश कृष्ण महाराज कर रहे हैं। कथा के मुख्य यजमान योगेश चौरसिया परिवार हैं। कथा का समय 3 से 7 रखा गया है। कथा का आयोजन 28 फरवरी तक किया गया है। कथाकार योगेश कृष्ण महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा की महिमा का बखान करते हुए कहा कि भागवत कथा सभी के लिए सुलभ ओर सुखदाई है। इसका श्रवण मन में शांति तो भरता है साथ ही हमें स्वयं की आध्यात्मिक प्रगति की ओर बढ़ाता है। श्रीमद्भागवत भक्तिरस तथा अध्यात्मज्ञान का समन्वय उपस्थित करता है। उन्होंने कहा कि भागवत सरीखा कोई भक्ति का ग्रंथ है ही नहीं। इसमें सारे वेद और इतिहासों का सार संग्रह किया गया है। शुकदेवजी ने राजा परीक्षित को यह सुनाया। इसका श्रवण सभी के लिए उत्तम है।

चोरी करने वाली गैंग गिरफ्तार

नागपुर. लकडगंज थाना क्षेत्र में जबरी चोरी करने वाले गिरोह का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से एक ई-रिक्शा और तीन मोबाइल फोन समेत कुल ₹ 1,50,000 का सामान बरामद किया है, जबकि दो आरोपी फरार हैं। जानकारी के अनुसार फरियादी दर्शन बलीवानदास किंगरानी (32), जरीपटका निवासी हैं और जे.बी ट्रेडर्स नामक हार्डवेयर दुकान चलाते हैं, उन्होंने 15 फरवरी को अपने व्यवसाय की ₹ 3,00,000 की नकदी एक लाल बैग में रखकर चेतक मोपेड की डिक्की में रखी थी। शाम करीब 5:45 बजे जब वे इतवारी, मालधक्का रोड पर पुल के पास पहुंचे, तो ट्रैफिक जाम के कारण रुके। तभी 25-30 वर्ष के अज्ञात आरोपियों ने उन पर हमला कर दिया। एक आरोपी ने लाठी से फरियादी के सिर पर वार किया, जबकि दूसरे ने उनकी आंखों में मिर्ची पाउडर डाल दिया, जिससे वे जमीन पर गिर पड़े। आरोपियों ने डिक्की खोलकर बैग निकाल लिया और फरार होने लगे। भीड़ इकट्ठा होने पर एक अन्य आरोपी ने चाकू निकालकर लोगों को डराने की कोशिश की, लेकिन भीड़ ने उसे पकड़ लिया। पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लिया, जिसकी पहचान मोहसिन उर्फ गरम दिलदार खान (30) के रूप में हुई। फरियादी की शिकायत पर लकडगंज थाने में मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि चोरी की योजना फरियादी की दुकान में काम करने वाले श्रीराम राजेंद्र पराते (24) ने अपने साथियों के साथ मिलकर बनाई थी। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार कर लिया। इसके बाद पुलिस ने उसके दो अन्य साथियों प्रविण उर्फ बिट्टू विजय पटले (22) और रोहित उर्फ मोनू उमेश पवार (20) को गिरफ्तार कर लिया।

सांसद बर्वे ने उपमुख्यमंत्री शिंदे के दो हजार करोड़ देने के दावे को बताया झूठा

>कहा: पत्र लिखकर इस विषय में करूंगा उनसे सवाल

नागपुर.

रामटेक विधानसभा क्षेत्र के कन्हान में शिवसेना पार्टी की धन्यवाद सभा आयोजित की गई। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री और शिवसेना ने कन्हान के तेजाब कंपनी ग्राउंड में आयोजित आभार सभा में रामटेक विधानसभा चुनाव क्षेत्र में 2000 करोड़ रुपए की विकास राशि देने का दावा किया। वहीं इस दावे को सांसद श्याम कुमार बर्वे ने झूठा बताया है। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा था कि रामटेक विधायक एवं राज्य मंत्री एड आशीष जायसवाल को ढाई साल में रामटेक के विकास के लिए दो हजार करोड़ रुपए की विकास निधि दी गई। इस वक्तव्य पर रामटेक सांसद श्याम कुमार बर्वे ने निशाना साधते हुए कहा है, "मैं एकनाथ शिंदे को पत्र लिखकर पुछने वाला हूं, कि कन्हान में बस स्टैंड, बाजार की जगह, श्मशानघाट, वरिष्ठ नागरिकों सहित किसी भी बुनियादी सुविधा के काम नहीं हुए हैं, फिर दो हजार करोड़ रुपए गए कहां हैं। कहीं ऐसा तो नहीं कि 2000 करोड़ रुपए कागजों में ही खर्च हो गए हैं?"

कन्हान में उपमुख्यमंत्री शिंदे के प्रति आभार प्रदर्शन

> एमआईडीसी खोलने की घोषणा

नागपुर.

महाराष्ट्र राज्य के उपमुख्यमंत्री और शिवसेना पार्टी प्रमुख एकनाथ शिंदे की कन्हान स्थित कानपुर केमिकल मैदान (तेजाब ग्राउंड) में भव्य आभार सभा आयोजित की गई। इस सभा का आयोजन महाराष्ट्र के राज्यमंत्री आशीष जयस्वाल ने किया था।

इस सभा में उपमुख्यमंत्री शिंदे के हाथों विभिन्न राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को शिवसेना में प्रवेश दिलाया गया। अपने संबोधन में उपमुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र का विकास ही उनका मुख्य एजेंडा है और इसी विश्वास के चलते विभिन्न दलों के नेता व कार्यकर्ता शिवसेना में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पहले विदर्भ की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया गया, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। उन्होंने आगे कहा कि विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान उन्होंने वादा किया था कि जीतने के बाद कन्हान आकर जनता का आभार व्यक्त करेंगे, और इसी वादे को निभाने के लिए यह सभा आयोजित की गई है। उन्होंने कन्हान के नागरिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कन्हान में जल्द ही एम.आई.डी.सी. (महाराष्ट्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन) की स्थापना करने की घोषणा भी की। इस सभा में कई प्रमुख नेता मौजूद रहे, जिनमें मृदा एवं जल संरक्षण मंत्री संजय राठौड़, सांसद कृपाल तुमाने, नागपुर ग्रामीण के शिवसेना उपजिला प्रमुख वर्धराज पिल्ले, शिवसेना जिला प्रमुख संदीप इटकेलवार, मंगेश काशीकर, जिला की महिला संगठिका नेहा भोकरे, कन्हान नगर परिषद अध्यक्ष करुणा आष्टनकर, शिवसेना जिला प्रमुख विनोद सातंगे सहित अन्य गणमान्य नेता शामिल थे। इसके अलावा, बड़ी संख्या में शिवसेना कार्यकर्ता और हजारों की संख्या में नागरिक इस जनसभा में उपस्थित रहे.

आदमखोर बाघ के हमले में किसान की मौत

> ग्रामीणों में वन विभाग के खिलाफ रोष

पारशिवनी.

पुलिस सीमा के कोडा सावली गांव के पास एक खेत में आदमखोर बाघ ने हमला कर किसान को अपना शिकार बना लिया। इस हमले में किसान दशरथ घोंटे (55) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनका बेटा बाल-बाल बच गया।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। देखते ही देखते हजारों की संख्या में लोग घटनास्थल पर इकट्ठा हो गए और वन विभाग के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने लगे। घटना की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन गुस्साए ग्रामीणों ने उन पर पथराव कर दिया। स्थिति बिगड़ते देख पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार को सूचना दी गई, जिसके बाद जिले से अतिरिक्त पुलिस बल, दंगा नियंत्रण दल, रिजर्व पुलिस बल और स्थानीय पुलिस को

तैनात किया गया। घटनास्थल पर उपजे तनाव के कारण वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर पहुंचने से डरते रहे, जिससे ग्रामीणों का आक्रोश और बढ़ गया। हालात को नियंत्रित करने के लिए रात 12 बजे पुलिस अधीक्षक हर्ष पोद्दार स्वयं पहुंचे और स्थिति को संभाला। वहीं, राज्य मंत्री आशिष जैसवाल भी मौके पर पहुंचकर लोगों को शांत करने का प्रयास किया। मृतक किसान के शव को रात 12 बजे पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया। पहले भी हो चुका है बाघ का हमला, वन विभाग पर लापरवाही के आरोप गौरतलब है कि पिछले महीने ही आमगांव में खेत में काम कर रहे एक मजदूर पर बाघ ने हमला कर उसकी जान ले ली थी।

लोगों में बढ़ रहा आक्रोश

स्थानीय लोग वन विभाग पर कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उनका आरोप है कि विभाग के अधिकारी सिर्फ कागजी कार्रवाई में व्यस्त रहते हैं और जमीनी स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाते। इस लापरवाही के कारण अब तक कई लोगों की जान जा चुकी है, जिससे ग्रामीणों में गहरा रोष व्याप्त है।

इस घटना के विरोध में पारशिवनी के छत्रपति शिवाजी चौक पर चक्का जाम आंदोलन किया गया था।

उस समय वन विभाग ने जल्द ही बाघ को पकड़ने का आश्वासन दिया था, लेकिन कार्रवाई के लिए 33 दिन इंतजार करना पड़ा। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते बाघ को पकड़ लिया जाता, तो यह ताजा घटना नहीं होती।

शिवाजी महाराज की प्रेरणा आज की पीढ़ी के लिए आवश्यक : एकलारे

नागपुर.

हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक, श्रीमंत योगी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती आशा कुसुम अपार्टमेंट परिसर में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। "जय छत्रपति शिवाजी महाराज" के गगनभेदी जयघोष के बीच शिवप्रेमियों ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम को संपन्न किया।

इस आयोजन की अध्यक्षता अंकुश एकलारे ने की। इस अवसर पर शिवशंभूराजे प्रतिष्ठान के अध्यक्ष अंकुश एकलारे ने कहा कि शिवाजी महाराज की प्रेरणा आज की पीढ़ी के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में महिलाओं ने विशेष रूप से सुंदर पारंपरिक वेशभूषा में भाग लिया, जो आकर्षण का केंद्र रहा।

इस दौरान मान्यवरों ने छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की और विभिन्न सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। साथ ही, बड़ी संख्या में शिवभक्तों ने महाप्रसाद का लाभ उठाया।

हनुमान मंदिर टेकाड़ी से जामसावली पालकी पदयात्रा का भव्य स्वागत

सावनेर.

प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी हनुमान मंदिर टेकाड़ी से जामसावली पालकी यात्रा का आयोजन किया गया। इस वर्ष यह भव्य पदयात्रा अपने 15वें वर्ष में प्रवेश कर रही है। 19 फरवरी, गुरुवार को सुबह 9 बजे हनुमान मंदिर टेकाड़ी से पूर्व सांसद प्रकाश जाधव, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष रश्मी बर्वे एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा विधिपूर्वक पूजा-अर्चना कर यात्रा का शुभारंभ किया गया।

यात्रा के दौरान कन्हान होते हुए ग्राम टेकाड़ी में भ्रमण के पश्चात टेकाड़ी बस स्टॉप के पास श्रद्धालुओं ने फूल-मालाओं और प्रसाद वितरण के साथ भव्य स्वागत किया। कांदरी और कन्हान में भी भक्तों ने फूलों की वर्षा कर एवं जल, शर्बत, फल, बिस्किट और मिठाइयों का वितरण कर यात्रा का स्वागत किया। पदयात्रा का पहला पड़ाव कवडस हनुमान मंदिर, पटनासावंगी में हुआ। सुबह 10 बजे के करीब यह यात्रा अदानी पॉलिमर, मानेगांव पहुंची, जहां ग्रामवासियों एवं अदानी पॉलिमर प्रबंधन द्वारा संयुक्त रूप से भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर अदानी पॉलिमर के चौहान, दिनेश, भाजपा नेता रेखा ताई पोटभरे, वैभव ढवळे, संदीप भोंगाडे, सावनेर तालुका मराठी पत्रकार संघ के अध्यक्ष किशोर धुंडेले, व्यापारी संघ सावनेर के सचिव मनोज बसवार, राष्ट्रीय महामार्ग पुलिस चौकी पटनासावंगी प्रभारी विजय मुसनवार, भाजपा नेता राजू भाऊ घुगल, निखिल पोटभरे, तुषार उमाटे, भूषण कुबड़े, भाऊ गोतमारे समेत कई गणमान्य व्यक्तियों ने भगवान श्रीरामचंद्र एवं हनुमान जी की पालखी की विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की।पालखी प्रबंधन समिति के गोपीचंद गुडधे, नत्थूजी मोवाडे, मुकेश हुड, जयदेव सतपैसे, बल्ली भक्त, रवींद्र मोरे, राजू शिंदे, देवराव सतपैसे, सुरेश खोरे, बापूजी नाइक, मनोहर सतपैसे आदि संयोजकों ने श्रद्धालुओं का स्वागत फूलों के गुलदस्ते और अंगवस्त्र देकर किया। यात्रा ने कुछ समय विश्राम किया और महाप्रसाद ग्रहण करने के बाद मालेगांव, सावनेर, केलवद होते हुए जामसावली के लिए प्रस्थान किया। इस भव्य पालखी यात्रा का दूसरा पड़ाव 21 फरवरी को माँ शारदा सभागृह, तायगांव (खैरी) में होगा। यात्रा का समापन 22 फरवरी को हनुमान मंदिर, जामसावली में किया जाएगा, जहां सराफा व्यापारी किशोर गुरव द्वारा अभिषेक, हवन, पूजन, महाआरती एवं भव्य महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा।

इस आयोजन की सफलता के लिए पवन भोंगड़े, सिद्धार्थ तिरपुडे, निखिल पोटभरे, सचिन घ्यार, सुरेश ठाकरे, रमेश बारस्कर, प्रमोद ठाकुर, गणेश पुंड, बब्लू मेश्राम, वैभव ढवले, भूषण कुबड़े, सतीश बेलेकर, आशीष माटे, राहुल उइके, संदीप दहिकर, पूजा भट्ट, माणिक नरवरे, दत्तूजी वडस्कर, राहुल उके, सुरेश ठाकरे, देवेन्द्र भोयर, सुभाष बोंडे, रवि भोयर, प्रदीप लोनकर, किशोर येलेकर, रामचंद्र मेश्राम, शेखर राऊत, लक्ष्मीकांत उइके समेत मानेगांव के भक्तों और अदानी पॉलिमर के अधिकारियों एवं श्रमिकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सावली (मो.) में शिव जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई

अभिषेक सिंह गहरवार ने युवाओं से माता-पिता की इच्छाओं को सर्वोपरि रखने की अपील की

सावली.

शिवगर्जना मित्र परिवार द्वारा भव्य शिव जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर श्रद्धा और उत्साह का माहौल बना रहा।

शिव जयंती के उपलक्ष्य में 18 फरवरी को श्री साईनाथ ब्लड बैंक द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने रक्तदान कर समाजसेवा का परिचय दिया। 19 फरवरी को स्कूली छात्रों के लिए चित्रकला प्रतियोगिता और महिलाओं के लिए रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया।

19 फरवरी को भव्य शोभायात्रा और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय प्रशासन और गणमान्य व्यक्तियों

की उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम में केलवद पुलिस स्टेशन के थानेदार अनिल राऊत, पुलिस उपनिरीक्षक विलास गेडाम, सामाजिक कार्यकर्ता भूषण कुबड़े, व्याख्याता कामेश अलघरे तथा प्लैनेट आई.टी. निदेशक माननीय अभिषेक सिंह गहरवार प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर अभिषेक सिंह गहरवार ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, "छत्रपति शिवाजी महाराज और धर्मवीर छत्रपति संभाजी महाराज के आदर्शों को हमें अपने जीवन में अपनाना चाहिए। हमें अपने माता-पिता की इच्छाओं को पूरा करना ही अपना परम धर्म समझना चाहिए। कार्यक्रम का आयोजन और संचालन शिवभक्त हरीश मोहतकर ने किया। कार्यक्रम की सफलता में रवींद्र काकडे, लुकेश मोहतकर, तुषार मोहतकर, निलेश मरस्कोल्हे, राहुल झाडे, आशीष बेलेकर और कु. काजल मोहतकर ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में प्रशांत जीवतोड़े ने आभार व्यक्त किया। शिव जयंती के इस उत्सव ने ग्रामवासियों में भक्ति और उत्साह का संचार किया और इसे एक यादगार आयोजन बना दिया।

मराठा सेवा संघ ने धूमधाम से मनाई छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती

कन्हान.

मराठा सेवा संघ और छत्रपति शिवाजी महाराज जन्मोत्सव समिति के संयुक्त तत्वावधान में जबलपुर महामार्ग स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर जयंती समारोह का भव्य आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

गौरतलब है कि 14 फरवरी से 20 फरवरी तक चलने वाले इस आयोजन के अंतर्गत शिवाजी महाराज की मूर्ति को पुष्प हार अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई और फूलों की वर्षा की गई। इस दौरान पूरे आठ दिन तक जन्मोत्सव मनाया गया, जिसमें आतिशबाजी, अखाड़ा प्रदर्शन और फायर शो का आयोजन किया गया। रामसरोवर टेकाड़ी के गुरु कृपा अखाड़ा ने शिवकालीन युद्ध कलाओं का शानदार प्रदर्शन कर नागरिकों को आकर्षित किया। इस कार्यक्रम में दुकानदार संगठन, कन्हान शहर

विकास मंच, चर्मकार समाज संघ, नाभिक समाज संघ, संताजी ब्रिगेड, मांग गारूडी संघर्ष समिति, तेली समाज संघ, लायंस क्लब, ऑटो यूनियन और संघ राज्य फाउंडेशन सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सहयोग दिया।कार्यक्रम में स्थानीय स्कूलों के बच्चों ने लेझिम नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस आयोजन में मराठा सेवा संघ के शांताराम जड़ते, ताराचंद निंबालकर, पत्रकार मोतीराम रहाटे, जीवन मुगले, संदीप कुकडे, दिवाकर इंगोले, राजेंद्र शेंद्रे, योगराज अवसर, शिवशंकर वाकुलकर, रोशन गेचुडे, बबनराव रायपुरे, जिजाऊ ब्रिगेड की माया इंगोले, छाया नाईक, लता जड़ते, सुनंदा दिवटे, अलका कोहडे, गोदावरी नागरे, पुष्पा चिखले, स्वाति मुगले, विद्या रहाटे, गीता घोडमारे, माया भोयर, राकेश घोडमारे, मंगेश काठोते, संजय भोयर, चेतन जयपुरकर, गिरीश निंबालकर, आशीष नागपुरे समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

राकांपा सामाजिक विभाग ने शिवाजी महाराज को किया नमन

कामठी.

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (अजीत पवार) के सामाजिक न्याय विभाग ने छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर गोयल टॉकीज चौक स्थित शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इस कार्यक्रम में शिवाजी महाराज के जीवन और उनके आदर्शों पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने शिवाजी महाराज के वीरता और शासन कौशल को याद करते हुए उनके सिद्धांतों को अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर राकांपा (अजीत पवार) नागपुर जिला ग्रामीण महासचिव कुंदन मेश्राम, राकांपा सामाजिक विभाग के कामठी तालुका अध्यक्ष विनोद महरोलिया, कामठी शहर महिला अध्यक्ष श्रीमती छाया सहित चंदा सेन, कल्पना मेश्राम, काज़ी रहीमुद्दीन, शेख़ निजामुद्दीन, राजू मेश्राम समेत कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में शिवाजी महाराज के योगदान और उनकी ऐतिहासिक भूमिका पर भी चर्चा की गई।

वाड़ी में महिला खून से लथपथ मिली, इलाके में सनसनी

वाड़ी.

वाडी के टी-पॉइंट, अमरावती रोड पर मंगलवार सुबह एक महिला को खून से लथपथ हालत में पाया गया, जिससे पूरे इलाके में हड़कंप मच गया।

महिला की पहचान शर्मीला धुर्वे (उम्र 45 वर्ष, निवासी जामनगर, मंडला, मध्य प्रदेश) के रूप में हुई है। वह मजदूरी के लिए वाडी आई थी। सीसीटीवी फुटेज में रात के समय वह असंतुलित होकर चलते हुए नजर आई।

सुबह करीब 4 बजे स्थानीय लोगों ने उसे गंभीर हालत में देखा। कुछ ही देर में बाजार खुलते ही पूरे इलाके में चर्चा फैल गई। घटना स्थल पर खून के निशान और महिला की साड़ी देखी गई, जिससे कई तरह की अफवाहें भी फैलने लगीं। लोगों ने आशंका जताई कि महिला के साथ कोई अनहोनी हुई होगी।

हालांकि, पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और महिला को सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस ने कहा कि फिलहाल महिला की हालत स्थिर है। शुरुआती जांच में पता चला कि महिला नशे की हालत में थी और गड्ढे में गिरने से उसके सिर में चोट लग गई, जिससे वह बेहोश हो गई।

पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की गहन जांच कर रही है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कोई आपराधिक घटना तो नहीं हुई।

मौके पर पीआई सोनुबापु देशमुख, पीएसआई निकिता कोठे और चिंतामन मेजर मौजूद थे।

नागरिक दक्षता समिति ने हर्षोल्लास से मनाई शिवाजी महाराज जयंती

नागपुर. उत्तर नागपुर में सामाजिक, शैक्षणिक और स्वास्थ्य क्षेत्र में सक्रिय नागरिक दक्षता समिति ने महात्मा फुले भवन में छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत में समिति के संयोजक बंडोपंत टेंभुर्णे, अध्यक्ष वामनराव साखरे और महासचिव डॉ. राजकुमार खियानी ने छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सामूहिक अभिवादन किया।

इस अवसर पर नागरिक दक्षता समिति के उपाध्यक्ष अर्जुन मेश्राम, सिंधु वाघमारे, सुवर्णा पोहाणे, सी.एम. चव्हाण, कोषाध्यक्ष भास्कर मेश्राम, दीक्षित अंबादे, श्रीधर पेन्दाम, सचिव वीणा दरवाडे, ओमप्रकाश बोहत, रामटेके, संजय चहांदे, यादव गणवीर, रवींद्र जनबंधु, परमानंद जनबंधु, राजू कोटांगले, सुजाता वासनिक और शेवन्ता शेंडे सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने अपने उद्बोधन में छत्रपति शिवाजी महाराज के कार्यों को याद किया और उनके विचारों को सबके सामने रखा। खासतौर पर महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर जोर दिया गया। साथ ही, सभी को उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा दी गई।

कार्यक्रम का संचालन महासचिव डॉ. राजकुमार खियानी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन श्रीधर पेन्दाम ने व्यक्त किया।

शाहीर कलाकारों ने छत्रपति शिवाजी महाराज को किया नमन

कामठी.

छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर भारतीय कलाकार शाहीर मंडल ऑल इंडिया द्वारा हनुमान मंदिर परिसर में जयंती उत्सव मनाया गया। यह आयोजन शाहीर डॉ. राजेंद्र भिमराव बावनकुले के निवास स्थान पर हुआ, जहां पोवाड़ा गीतों के माध्यम से शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा और तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इसके बाद गगनभेदी "जय शिवाजी, जय भवानी" के नारों से वातावरण गूंज उठा। इस अवसर पर वरिष्ठ शाहीर चिरकूट पुंडेकर, शाहीर भगवान लांजेवार, शाहीर मधुकर शिंदे मेश्राम, शाहीर डॉ. राजेंद्र बावनकुले,

शाहीर गजानन वडे ने वीर शिवाजी और अन्य महान योद्धाओं के सम्मान में पोवाड़ा गीतों का गायन किया। कार्यक्रम में शाहीर डॉ. राजेंद्र बावनकुले, शाहीर भगवान लांजेवार, शाहीर चिरकूट पुंडेकर, शाहीर मधुकर शिंदे मेश्राम, शाहीर गजानन वडे, हरिनाथ लेंडे, रायभान तेलंगे, बापूराव शिंदे मेश्राम, गिरीधर बावणे, श्रावण लांजेवार, रमेश गणोरकर, हिरालाल लुहरे, छगन बावनकुले, मोतीलाल सूर्यवंशी, सौ. अरुणा राजेंद्र बावनकुले, मीना कुंभलकर सहित कई शाहीर कलाकारों की प्रमुख उपस्थिति रही।

शाहीर कलाकारों ने अपने मधुर गायन से शिवाजी महाराज की गाथा को जीवंत किया और सभी को वीरता, राष्ट्रप्रेम और स्वाभिमान की प्रेरणा दी।

एशियन फायर वर्क्स कंपनी कोतवालबर्डी विस्फोट मामले में विशेषज्ञ की रिपोर्ट प्राप्त

आरोपियों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी

नागपुर/कोंढाली.

बजे कलमेश्वर पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाली एशियन फायर वर्क्स कंपनी, कोतवालबर्डी में अचानक विस्फोट हो गया। इस हादसे में कंपनी के दो मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई और तीन अन्य मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए।

कलमेश्वर पुलिस स्टेशन में इस घटना को लेकर भारतीय दंड संहिता 2023 की धारा 106(1), 288, 125 बी के तहत मामला दर्ज किया गया। मामले की जांच के लिए फोरेंसिक फायर और साइबर विशेषज्ञ निलेश उरकुंडे ने 17 और 18 फरवरी को विस्फोट स्थल का गहन निरीक्षण किया। जांच अधिकारी अनिल मस्के, उपविभागीय पुलिस अधिकारी सावनेर, और कलमेश्वर पुलिस स्टेशन के अधिकारियों की मदद से विशेषज्ञ ने 50 पृष्ठों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत

की। रिपोर्ट में स्पष्ट रूप से मालिक की लापरवाही, श्रमिकों को अधूरा प्रशिक्षण, और प्रबंधकीय चूक को हादसे के मुख्य कारणों के रूप में चिह्नित किया गया। विशेषज्ञ की रिपोर्ट को आरोप-पत्र दाखिल करते समय न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। माननीय न्यायालय ने इस मामले में आरोपी सोहेल अली अजगर अली अमीन के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 75 के तहत मामला दर्ज किया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए न्यायालय ने आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। मामला दर्ज होने के मात्र चार दिनों के भीतर ही आरोपी के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी कर दिया गया। पुलिस विभाग वारंट की तामील सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रहा है और आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग टीमें रवाना कर दी गई हैं।

आरोपी की संपत्ति जब्त करने की प्रक्रिया शुरू

जांच रिपोर्ट के आधार पर आरोपी को फरार घोषित करने की प्रक्रिया चल रही है। यदि आरोपी निर्धारित अवधि के भीतर पुलिस हिरासत में नहीं आता है, तो न्यायालय के माध्यम से भारतीय दंड संहिता की धारा 85 के तहत उसकी संपत्ति जब्त करने की कार्रवाई की जाएगी। यह रहा आपका समाचार लेख, जिसमें सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं को प्रमुखता से शामिल किया गया है। अगर आपको कोई संशोधन या अतिरिक्त जानकारी जोड़नी हो तो बताइए!

नागपुर-नासिक अंतरजिला आदान-प्रदान समारोह का समापन

कोंढाली.

नेहरू युवा केंद्र संगठन, नागपुर द्वारा मेरा युवा भारत के तहत आयोजित नागपुर-नासिक अंतरजिला युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समापन हुआ। यह कार्यक्रम 17 से 21 फरवरी 2025 तक नागपुर के विधायक निवास में आयोजित किया गया था, जिसमें राज्य के विशेष प्रशिक्षकों और विशेषज्ञों द्वारा संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

21 फरवरी को नटराज आर्ट एंड कल्चर सेंटर में समापन समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रविंद्र हरदास ने की। इस अवसर पर यातायात विभाग के आरएसपी प्रमुख राजेश राजपूत, राजकुमार कोडापे, मंगेश ढवले, चंद्रकांता मैडम, महिला एवं बाल विकास विभाग के रणजीत कुर्हे तथा बाल संरक्षण अधिकारी मुस्ताक पठान उपस्थित रहे। उन्होंने गांवों और शहरी क्षेत्रों में "मेरा युवा भारत" अभियान की संकल्पना को

सशक्त बनाने के लिए नेहरू युवा संगठन द्वारा ग्राम-नगर युवा दक्षता समितियों की स्थापना की जानकारी दी। इस अवसर पर नेहरू युवा केंद्र संगठन, मुंबई के पूर्व उपनिदेशक डॉ. शरद साळुंके ने सीमावर्ती क्षेत्रों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान और भाईचारे के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से युवाओं में राष्ट्रीय एकीकरण और सांस्कृतिक समझ को बढ़ावा मिलेगा।

कार्यक्रम में नागपुर और नाशिक जिले के चयनित युवा प्रतिनिधियों ने भाग लिया। इसमें शैक्षिक सत्र, योग सत्र, क्षेत्र भ्रमण, "भारत को जानो" प्रश्नोत्तरी सहित विभिन्न गतिविधियाँ शामिल थीं।

नेहरू युवा केंद्र संगठन ने इस आयोजन के माध्यम से युवाओं को अपने अनुभव, परंपराओं और संस्कृतियों को साझा करने का एक मंच प्रदान किया, जिससे राष्ट्रीय एकता को बल मिला। कार्यक्रम का संचालन विशाखा गणोरकर ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन दीप्ती महल्ले ने किया। इस आयोजन की सफलता में संजय राऊत, प्रफुल शिंगाड़े, शुभम ताकसांडे, योगेश डोहारो और गिरधार ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

कपास और सोयाबीन की गारंटीशुदा खरीदी तुरंत शुरू करे सरकार

वर्धा.

जिले में पिछले कुछ दिनों से सीसीआई (भारतीय कपास निगम) द्वारा गारंटीशुदा कपास खरीदी बंद कर दी गई है, जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। बाजार मूल्य और गारंटीशुदा कीमतों के बीच बड़े अंतर के कारण किसान आर्थिक रूप से प्रभावित हो रहे हैं। इस मुद्दे पर कृषि आय बाजार समिति के अध्यक्षों ने सरकार से तत्काल हस्तक्षेप करने और गारंटीशुदा खरीदी शुरू करने की मांग की है।

वर्धा में आयोजित एक पत्रकार परिषद में वर्धा कृषि बाजार समिति के सभापति अनिल गावंडे, हिंगनघाट कृषि उपज बाजार समिति के सभापति एड. सुधीर कोठारी, सिंदीरेल्वे समिति के अध्यक्ष केशरचंद खंगार, आर्वी कृषि बाजार समिति के अध्यक्ष संदीप काले, वर्धा उपसभापति पांडुरंग देशमुख और हिंगनघाट के उपाध्यक्ष हरीश वडतकर उपस्थित थे। सीसीआई द्वारा गारंटीशुदा कपास की खरीदी बंद किए जाने से किसानों को प्रति क्विंटल भारी नुकसान हो रहा है। तकनीकी खामियों के कारण यह प्रक्रिया पिछले दस दिनों से ठप पड़ी है, जिससे किसानों की परेशानी बढ़ रही है। समिति के नेताओं ने सरकार से मांग की है कि सॉफ्टवेयर की तकनीकी खराबी को तुरंत ठीक किया जाए और कपास की खरीदी फिर से शुरू की जाए। बैठक में यह भी मांग की गई कि सरकार तुर और हरभरा की गारंटीशुदा खरीदी जल्द से जल्द शुरू करे। फिलहाल, तुर के लिए केवल पंजीकरण प्रक्रिया चल रही है, लेकिन खरीदी शुरू नहीं हुई है। नेताओं ने कहा कि अगर सरकार गारंटीशुदा दरों पर खरीदी नहीं करती, तो किसानों को मजबूरी में अपनी उपज बाजार में कम दामों पर बेचनी पड़ेगी, जिससे उन्हें नुकसान होगा।

> कृषि आय बाजार समिति की मांग

सरकार को उठाने चाहिए तत्काल कदम

हिंगनघाट कृषि बाजार समिति के सभापति एड. सुधीर कोठारी ने कहा कि सरकार को तुरंत गारंटीशुदा खरीदी शुरू करने के लिए कदम उठाने चाहिए। अगर कपास और अन्य फसलों की गारंटीशुदा खरीदी नहीं होती है, तो किसानों को उनकी उपज के उचित दाम नहीं मिलेंगे और वे आर्थिक संकट में फंस जाएंगे। वर्धा कृषि उपज बाजार समिति के अध्यक्ष अनिल गावंडे ने सरकार से अपील की कि सीसीआई के माध्यम से कपास की खरीदी तुरंत फिर से शुरू की जाए और किसानों को राहत दी जाए।

3 वृक्षों का प्रत्यारोपण मिशन

हिंगनघाट.

छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पूरे महाराष्ट्र में धूमधाम से मनाई जा रही है। इसी अवसर पर पर्यावरण संरक्षण संगठन ने 3 बड़े पेड़ों का प्रत्यारोपण कर शिवाजी महाराज की पर्यावरण संरक्षण नीति को साकार किया। यह सच में शिवाजी महाराज को सच्ची श्रद्धांजलि थी।

न्यायालय के नए भवन के निर्माण में वहां पहले से मौजूद कुछ पेड़ों के कारण बाधा उत्पन्न हो रही थी। पर्यावरण संरक्षण संगठन की प्राथमिकता सभी पेड़ों को बचाना थी, लेकिन यह पूरी तरह संभव नहीं हो सका। इस कारण कुछ वैकल्पिक उपाय अपनाए गए और 8 में से 3 पेड़ों को सफलतापूर्वक स्थानांतरित कर दिया गया। यह महत्वपूर्ण अभियान छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर पूरा किया गया। इस कार्य का नेतृत्व दिगंबर खांडरे सर ने किया। उखाड़े गए पेड़ों को बीएसएनएल कार्यालय के पास के मैदान में लगाया गया। इस कार्य में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक कुल 8 घंटे का समय लगा। यह बेहद कठिन और श्रमसाध्य कार्य था, जिसे अजय वानखेड़े, विनय मोरे, प्रमोद माथनकर, नीलेश बलखंडे, रोहन बंसोड़, एडवोकेट ओमप्रकाश भोयर, धनराज कुंभारे, सचिन ऐलकुंचवार, उमेश डेकाटे, सतीश नक्षीने, लकी खोलोसिया, अतुल नांदगावली आदि ने कड़ी मेहनत कर पूरा किया। एमएसईबी के कार्यकारी अभियंता हेमंत पावड़े सर इस प्रक्रिया को देखने के लिए उपस्थित थे और प्रशासन की ओर से इस कार्य के लिए आवश्यक सहयोग भी प्रदान किया गया। इस वृक्ष स्थानांतरण प्रक्रिया में हाइड्रा मालिक दीपक जोशी का अनुभव उपयोगी साबित हुआ। लोक निर्माण विभाग के म्यूनिसिपल ट्री ऑफिसर विशाल ब्रह्मणकर भी इस अवसर पर मौजूद थे। यह अभियान पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था, जिससे शहर में हरियाली बनी रहेगी और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु मिल सकेगी।

मोहगांव ग्राम पंचायत कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना के 40 लाभार्थियों को स्वीकृति-पत्र वितरित

समुद्रपुर.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार, 22 तारीख को पुणे में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के दूसरे चरण के तहत 20 लाख लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। इसके साथ ही महा आवास अभियान 2024-25 के तहत राज्य के 10 लाख लाभार्थियों को पहली किस्त भी सौंपी गई।

इसी के तहत, हिंगनघाट विधानसभा क्षेत्र के विधायक समीर कुणावर के मार्गदर्शन में मोहगांव ग्राम पंचायत कार्यालय में दोपहर 3 बजे प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित करने का समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच विलास नवघरे ने की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत सदस्य प्रणाली वांधारे, सुनी वाघाड़े, राजू परचाके, तंतमुक्त समिति अध्यक्ष अनिल धोटे, नोडल अधिकारी, प्राचार्य रमेश वाघमारे, शिक्षक सुदाम थोरात सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान लाभार्थियों को पुणे में आयोजित मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसके बाद सरपंच विलास नवघरे ने सभी 40 लाभार्थियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर लाभार्थियों को योजना की जानकारी और दिशा-निर्देश भी दिए गए।

सरपंच विलास नवघरे ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी को घर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री आवास योजना लागू की है।

यह योजना अब अपने दूसरे चरण में पहुंच चुकी है। विधायक समीर कुणावर की पहल से हिंगनघाट विधानसभा क्षेत्र के कई पात्र लाभार्थियों को इस योजना का लाभ मिला है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह घर सरकार द्वारा निःशुल्क दिए जा रहे हैं, और यदि कोई व्यक्ति इस योजना के लिए पैसों की मांग करता है, तो लाभार्थी सीधे उनसे शिकायत कर सकते हैं।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता छायाताई औरके, शशिकला कापसे, रोजगार सेवक दुर्योधन मोकाशी और ग्राम पंचायत कर्मचारी अरुण ठाकरे सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष योगदान रहा।

नई पीढ़ी अपनाए छत्रपति शिवाजी महाराज के विचार: अग्निहोत्री

वर्धा.

जय महाकाली शिक्षा संस्था के संस्थापक पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री और संस्था के सचिव सचिन अग्निहोत्री की पहल से छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती बड़े उत्साह और प्रेरणा के साथ मनाई गई। इस अवसर पर अग्निहोत्री पॉलिटेक्निक, नागठाना द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कॉलेज के छात्रों और प्रोफेसरों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम में जय महाकाली एजुकेशन इंस्टीट्यूट के प्रमुख पंडित शंकरप्रसादजी अग्निहोत्री ने नई पीढ़ी से छत्रपति शिवाजी महाराज के विचारों, उनके पराक्रम और सुराज्य की अवधारणा को आत्मसात करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज की नीतियां और नेतृत्व शैली आज भी युवाओं के लिए प्रेरणादायक हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रा. अभिषेक कुमार सिंह ने शिवाजी महाराज के शौर्य और नेतृत्व गुणों पर विचार साझा किए। एक्यूएसी विभाग प्रमुख प्रा. शैलेश वाटकर, सांस्कृतिक विभाग की प्रा. स्नेहा हिवरकर और प्रा. प्रचिती देशपांडे के संयोजन में कार्यक्रम को शानदार रूप दिया गया। कार्यक्रम के दौरान छत्रपति शिवाजी महाराज की पालकी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें श्रद्धा और वीरता का अद्भुत संगम देखने को मिला। इस शोभायात्रा का विशेष आकर्षण सुप्रसिद्ध ढोल-ताशा पथक "देवता" रहा, जिसकी गूंज ने पूरे माहौल को उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमुदाय इस ऊर्जा से अभिभूत हो उठा और पूरे परिसर में "शिवमय" जयघोष गूंजने लगा। छात्रों ने शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित नाटक और भाषणों के माध्यम से उनकी महानता को दर्शाया। कार्यक्रम का संचालन कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग की छात्रा किशोर गायकी ने किया, जबकि राजेश्वरी माथिया ने सभी का आभार व्यक्त किया। वहीं, "शिव गर्जना" का उद्घोष पहले वर्ष की छात्रा गायत्री लाहे ने किया। शिवाजी महाराज की वीरता, स्वाभिमान और साहसिक दृष्टिकोण आज भी हर युवा के लिए प्रेरणादायक हैं। उनके जीवन से दृढ़ संकल्प, आत्मसम्मान और वीरता की सीख मिलती है। इस सफल आयोजन में बड़ी संख्या में प्रोफेसर, छात्र और कॉलेज के कर्मचारी उपस्थित रहे और सभी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी।

बाघ के हमले से इलाके में दहशत, एक बैल और बछड़े की मौत

समुद्रपूर.

चोरवीरा, गिराड़ और चूरीमाजरा शिवरा में बाघ के हमले से ग्रामीणों में दहशत फैल गई है। बाघ ने एक ही रात में एक बैल और एक बछड़े पर हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 21 फरवरी की रात करीब 11 बजे बाघ ने चोरवीरा शिवरा में प्रवेश किया और राजू भास्कर तेलरांडे के एक बैल पर हमला कर उसे मार डाला। यह बैल करीब 60 हजार रुपये मूल्य का था। इसके बाद, सुबह-सुबह बाघ ने नारायण तेलरांडे के मवेशियों पर हमला किया, जिससे 10 हजार रुपये मूल्य के बछड़े की मौत हो गई। इस घटना से ग्रामीणों में डर का माहौल बना हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही वन संरक्षक अधिकारी नीलेश गावंडे ने रेंजर पी.एस. नेहारे, वनरक्षक पी. डी. बेले, नीता दादमल, राजू दार्वेकर और अशफाक पठान के साथ मौके पर पहुंचकर पंचनामा किया। पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगश राघरथाई ने मृत मवेशियों का पोस्टमार्टम किया।

बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए वन विभाग ने घटनास्थल पर ट्रैप कैमरे लगाए हैं। ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है, वहीं वन विभाग इस मामले में आगे की कार्रवाई कर रहा है।

किसान ने खेत में उगाई अफीम

पुलिस ने 12.5 करोड़ का माल किया जब्त

बुलढाणा.

जिले के देउलगांव राजा तहसील के अंधे से एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। जहां एक किसान ने अपने खेत में फसलों की जगह अफीम की खेती कर ली। हालांकि, स्थानीय अपराध शाखा को इसकी जानकारी मिल गई। एलसीबी ने कार्रवाई करते हुए साढ़े 12 करोड़ रूपये की अफीम जब्त कर ली। इसी के साथ पुलिस ने खेती करने के लिए किसान को भी गिरफ्तार कर लिया। यह कार्रवाई जिले में ही नहीं बल्कि प्रदेश में भी सबसे बड़ी कार्रवाईयों में से एक मानी जा रही है।

अँधेरा गांव निवासी संतोष मधुकर सानप (49) ने अपने खेत में अफीम की खेती की थी। स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस निरीक्षक अशोक लांडे को इस बारे में गोपनीय सूचना मिली। उन्होंने और पुलिस टीम ने शुक्रवार, 21 फरवरी को देर रात छापेमारी की। इस ऑपरेशन में अँधेरा पुलिस ने भी सहयोग किया।

स्थानीय अपराध शाखा के वरिष्ठ सूत्रों ने बताया कि आरोपियों के पास से 15 क्विंटल 72 किलो अफीम जब्त की गई है। इस माल की बाजार कीमत 12.6 करोड़ रुपये है। आरोपी संतोष मधुकर सानप के खिलाफ अंधेरा पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8ए, 18ए के तहत मामला दर्ज किया गया है।

यह साहसिक कार्रवाई स्थानीय अपराध शाखा की टीम ने पुलिस अधीक्षक विश्व पानसरे और पुलिस निरीक्षक अशोक लांडे के मार्गदर्शन में की। यह कार्रवाई आशीष रोही, रूपेश शक्करगे, सचिन कनाडे, प्रताप बजाड़, दीपक लेकुरवाले, वनिता शिंगणे, शेख चांद, पुरुषोत्तम आघाव, सतीश नाथकाकर, दिनेश बकाले, राजेंद्र टेकाले, विजय वारुले, अनूप मेहर, विजय पैठणे, विलास भोसले, सुरेश भिसे और शिवानंद मुंडे द्वारा की गई।

जिस खेत में यह कार्रवाई की गई वह अन्धेरा पुलिस स्टेशन से महज 3 से 4 किलोमीटर दूर है। हालांकि, आरोपी सनप का अवैध कारोबार जारी रहा। स्थानीय अपराध शाखा द्वारा की गई इस कार्रवाई से अंधेरा पुलिस की कार्यकुशलता पर सवाल खड़े हो गए हैं। दूसरी ओर, आरोपियों की संख्या बढ़ने की संभावना है।

अब तक जिले में कुछ ही स्थानों पर भांग की खेती की जा रही थी। हालांकि, अब उनके द्वारा सीधे तौर पर अफीम की खेती किए जाने का पता चलने के बाद हड़कंप मच गया है।

अभियुक्त को अफीम के पौधे या बीज कहां से मिले? उससे वह सामान कौन खरीदने वाला था? पुलिस के सामने अब ऐसे कई सवाल हैं, इसलिए इस बात की प्रबल संभावना है कि आगे की जांच में आरोपियों की संख्या और बढ़ सकती है।

बस स्थानक में सोने के गहनों की चोरी करने वाली दो महिलाए गिरफ्तार

वर्धा.

वर्धा बस स्थानक, देवळी बस स्थानक और शहर के बाजारों में भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के पर्स से सोने के गहने और नकदी चोरी करने की घटनाओं में वृद्धि हुई है। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा ने जांच शुरू की।

इसी कड़ी में, दिनांक 21 फरवरी को एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार किया। पकड़ी गई महिलाओं की पहचान सुमित्रा उर्फ अंगुरी गोपीचंद शेंडे (उम्र 30 वर्ष, निवासी अशोक नगर, वर्धा) और कुमारी बबिता संजय पाटील (उम्र 30 वर्ष, निवासी अशोक नगर, वर्धा) के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान दोनों महिलाओं ने देवळी बस स्थानक, वर्धा बस स्थानक और वर्धा शहर के विभिन्न स्थानों पर ऑटो से यात्रा के दौरान महिलाओं के पर्स से सोने के गहने चोरी करने की बात कबूल की। पुलिस ने दोनों आरोपी महिलाओं के खिलाफ वर्धा शहर और देवली पुलिस स्टेशन में कुल चार मामले दर्ज किए हैं। उनकी निशानदेही पर चोरी किए गए सोने के गहने बरामद किए गए, जिनमें सोने की चेन, अंगूठी, कान के टॉप्स और अन्य आभूषण शामिल हैं। कुल बरामद गहनों का वजन 83.5 ग्राम है, जिसकी अनुमानित कीमत ₹ 4,17,500/- आंकी गई है।

पुलिस टीम की सराहनीय कार्रवाई

इस सफल कार्रवाई को वर्धा पुलिस अधीक्षक अनुराग जैन और अप्पर पुलिस अधीक्षक डॉ. सागर कवडे के मार्गदर्शन में अंजाम दिया गया। इस ऑपरेशन में पुलिस निरीक्षक विनोद चौधरी, प्रभारी पुलिस निरीक्षक नरेंद्र निस्वादे, पुलिस उपनिरीक्षक अमोल लगड, बालाजी लालपालवाले, राहुल ईटेकर, सचिन इंगोले, हमीद शेख, शेखर डोंगरे, राजेश तिवस्कर, विकास मुंढे, सुगम चौधरी, अरविंद इंगोले, शुभम राउत और महिला पुलिसकर्मी निलीमा उमक एवं पल्लवी बोबडे सहित स्थानीय अपराध शाखा, वर्धा की टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

पुलिस अब यह जांच कर रही है कि क्या इन आरोपियों ने अन्य स्थानों पर भी इसी तरह की वारदातों को अंजाम दिया है।

पूर्व विधायक सेहषराम कोरोटे ने नाना पटोले पर बोला हमला

कहा- जहां नाना वहां कभी नहीं जाना

गोंदिया. आमगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व कांग्रेस विधायक सेहषराम कोरोटे कांग्रेस छोड़कर उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना शिंदे गुट में शामिल हो गए हैं। इस दौरान उन्होंने 2024 के विधानसभा चुनाव का ठीकरा मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले पर फोड़ा है।

उन्होंने कहा कि 2024 के विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नाना पटोले ने पूरे महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी को खत्म करने का काम किया। उन्होंने एक नारा दिया था कि "जहां नाना वहीं जाना" लेकिन अब पूरे महाराष्ट्र कांग्रेस में दूसरा नारा चल रहा है कि "जहां नाना वहां कभी नहीं जाना।" कोरोटे ने कहा कि ऐसा इसलिए क्योंकि नाना पटोले चॉकलेटी बॉय नेता हैं। वे केवल चॉकलेट परोसते हैं।

आमगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक सेहषराम कोरोटे ने कहा, "मैं ही महाराष्ट्र का मुख्यमंत्री बनने वाला हूं यह सोचकर साकोली में मुख्यमंत्री का एक बड़ा बंगला बनाया गया। अब कहां गए मुख्यमंत्री? मुख्यमंत्री भी नहीं रहे और जनता ने भी नकार दिया। बैलेट से 208 वोटों से निर्वाचित हुए।

रिश्वतखोर पुलिस कांस्टेबल एसीबी के शिकंजे में

पिछले अपराध के रिकॉर्ड पर तड़ीपारी की कार्रवाई से बचने के लिए मांगे पैसे

अकोला.

एंटी करप्शन विभाग के अमरावती दस्ते ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए वाशिम पुलिस कांस्टेबल पवन सुनील भाकरे को तीन हजार रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आरोपी कांस्टेबल ने तड़ीपारी का मामला हटाने के लिए एक देशी शराब विक्रेता से रिश्वत मांगी थी।

शिकायतकर्ता के खिलाफ पातुर थाने में पहले से ही देशी शराब बेचने का मामला दर्ज था। शिकायतकर्ता ने अपना शराब का कारोबार बंद कर दिया है और वर्तमान में मजदूरी करके अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहा है। हालांकि, पिछले अपराध के रिकॉर्ड पर तड़ीपारी कार्रवाई से बचने के लिए आरोपी पुलिस कांस्टेबल ने शिकायतकर्ता से पांच हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। 20 फरवरी को शिकायतकर्ता ने एसीबी के अकोला कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई।

आरोपी ने शुरू में पांच हाजर रुपये की मांग की, लेकिन समझौते के बाद 3,000 रुपये की रिश्वत लेने पर सहमत हो गया। आखिरकार 21 फरवरी को आरोपी ने जैसे ही शिकायतकर्ता से तीन हजार रुपये की रिश्वत ली, उसे एसबी टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

निधन वार्ता

निधन समाचार के निःशुल्क प्रकाशन हेतु संपर्क करे हमे ई-मेल करे ngpms2019@gmail.com

सचिन नागोराव काले

नागपुर. सद्गुरुनगर भांडेवाडी निवासी सचिन नागोराव काले का 29 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका निधन उनके परिवार और मित्रों के लिए एक बड़ी क्षति है। उनका निधन उनके परिवार के लिए गहरा दुख लेकर आया है। सचिन का अंतिम संस्कार पारडी घाट पर किया गया ।

भूमेश रियलटर्स ने मनाई सफलता की सातवीं वर्षगांठ

नागपुर.

नागपुर की अग्रणी रियल एस्टेट कंपनी भूमेश रियलटर्स ने अपनी सातवीं वर्षगांठ धूमधाम से मनाई। इस विशेष अवसर पर कंपनी के सभी कर्मचारियों का भूमेश रियलटर्स द्वारा सत्कार किया गया। कंपनी के संचालक भूमेश पेशने और उनकी धर्मपत्नी अश्वनी पेशने के नेतृत्व में कंपनी ने रियल एस्टेट क्षेत्र में अपनी मजबूत पहचान बनाई है।

इस उपलक्ष्य पर बी सी एन न्यूज़ चैनल और नागपुर मेट्रो समाचार की मार्केटिंग टीम ने आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित थी और पुष्पगुच्छ भेंट कर भूमेश रियलटर्स को शुभकामनाएं दी।

भूमेश रियलटर्स अपनी निरंतर सफलता और बेहतरीन सेवा के लिए जानी जाती है और भविष्य में भी यह अपनी उत्कृष्ट सेवाओं से ग्राहकों का विश्वास बनाए रखने के लिए संकल्पित है।

रामाकोना पंचायत में सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव बहुमत से पारित

सौसर.

सौसर विकासखंड की चर्चित ग्राम पंचायत रामाकोना में सरपंच श्वेता गगन गोहेल के खिलाफ लाया गया अविश्वास प्रस्ताव बहुमत से पारित हो गया है। उपसरपंच एवं पंचों ने सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की विगत दिनों प्रशासन से मांग की थी जिसमे पंचों की जीत हुई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार को ग्राम पंचायत भवन में सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के पुष्टीकरण के लिए सम्मेलन आयोजित हुआ। पीठासीन अधिकारी और तहसीलदार भावना मलगाम ,खंड पंचायत अधिकारी सुभाष ठाकरे अनिल सहारे , पीसीओ सुरेश डोंगरे ,सचिव गजानन ढोके ने सरपंच एवं पंचो के समक्ष अविश्वास प्रस्ताव के पुष्टीकरण की कार्रवाई की जिसमें बहुमत से सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पारित हो गया ।

15 पंच रहे सरपंच के खिलाफ: पीठासीन अधिकारी और तहसीलदार भावना मलगाम से मिली जानकारी के अनुसार आज रखे गए अविश्वास प्रस्ताव में 21 पंच उपस्थित हुए थे जिसमे 15 पंचों ने सरपंच श्वेता गोहेल के खिलाफ लाएं गए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में रहे। वही 3 पंच सरपंच के पक्ष में रहे। 3 पंचों के मत रिजेक्ट हुए हैं। अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले पंचों का कहना है की सच्चाई की जीत हुई है।

रामाकोना पंचायत में उपसरपंच एवं पंचों ने सरपंच श्वेता गगन गोहेल के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव हेतू अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के समक्ष विगत दिनों आवेदन प्रस्तुत किया था। जिसके आधार पर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल ने मध्यप्रदेश पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम 1993 की धारा 21 के अधीन सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के पुष्टीकरण के लिए निर्देश दिए थे। जिसमें सरपंच ने मासिक बैठक में आय-व्यय का अनुमोदन नही करना। सरपंच ने सामान्य प्रशासन समिति की बैठक का आयोजन नही करने, निर्माण समिति की बैठक नही लेने के अलावा सामान्य प्रशासन समिति में भुगतान हुए राशि का अनुमोदन नही करने का उल्लेख किया गया था। वही सरपंच ने मध्यप्रदेश पंचायत नियम 1999 की धारा 3 उपधारा (2) धारा 3 (4), माल खरीदी नियमों का पालन नही करने तथा अधिनियम के अधीन रहते हुए सरपंच पद पर रहते हुए कर्तव्य के निर्वहन में गंभीर वित्तिय अनियमितता किये जाना था। विगत सरपंच के कार्यकाल को छोड़ दिया तो उसके पूर्व के सरपंचों का कार्यकाल किसी न किसी कारणो से अधूरा रहा है।

ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति ने लिया पेड़ लगाने, बचाने का संकल्प

कामठी.

रणाला ग्राम पंचायत स्थित ओमनगर दुर्गा ओमकारेश्वर मंदिर परिसर में ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति पदाधिकारियों द्वारा छायादार व फलदार पौधे लगाकर उसे बचाने का संकल्प लिया गया। ओमनगर दुर्गा उत्सव समिति की कोषाध्यक्ष अन्नू श्रीकांत सिंधिया पाण्डेय ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाने का प्रयास किया जा रहा है। दुर्गा उत्सव समिति के उपाध्यक्ष उदयसिंग यादव, मानद सचिव सौमित्र कल्याणी बैकुंठनाथ नंदी (उपसंपादक), सहसचिव श्रावण केझरकर समिति के कोषाध्यक्ष अन्नू श्रीकांत सिंधिया पाण्डेय के मिशन एक पौधा लगाओ पौधा बचाओ से काफी प्रभावित है। पेड़-पौधे के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती है। पर्यावरण संरक्षण के लिए हर खुशी के मौके पर पेड़ लगाएं।

अन्नू श्रीकांत सिंधिया पाण्डेय ने अपने जन्मदिन पर पर्यावरण बचाने के लिए कहा कि धरती को हराभरा करना होगा तभी जीवन बचेगा। जागरूकता के अभाव में हम प्रतिवर्ष कई हरे पेड़ों को काटकर अपनी जरूरतों को पूरा करते हैं। पर पौधे लगाते नहीं है। पेड़ पौधों की संख्या काफी कम हो गई है। इसका परिणाम अकाल, सुखाड़, पेयजल संकट आदि अन्य समस्याओं के रूप में देखने को मिल रहा है। उदयसिंग यादव, सौमित्र नंदी, श्रावण केझरकर, अन्नू सिंधिया ने लोगों से पेड़ लगाने व बचाने के साथ साथ दूसरों को भी पेड़ लगाने के लिए प्रेरित करने का अनुरोध किया।

इस मौके पर श्रीकांत सिंधिया पाण्डेय, रेखा श्रावण केझरकर, वीणा सौमित्र नंदी, सुमित सिंधिया पाण्डेय, पायल सुमित सिंधिया पाण्डेय, राहुल सिंधिया पाण्डेय, कु.श्रुति सौमित्र नंदी आदि गणमान्य व्यक्ति प्रमुखता से मौजूद रहें।

अंबाडी में आंगनवाड़ी भवन का भूमिपूजन संपन्न

सौंसर. ग्राम पंचायत अंबाडी में शुक्रवार को जिला पंचायत सभापति नीलिमा पाटिल ने निधि से आंगनवाड़ी भवन अंबाडी में निर्माण कार्य हेतु राशि 6.5 लाख की राशि स्वीकृत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय मुंगोले, मुख्य अतिथि जिला पंचायत सभापति नीलिमा नरेंद्र पाटिल, अंबाड़ी सरपंच विनोद अंभोरे,उप सरपंच योगेश पिंपलकर, रामभाऊ मुंगोले, डोमन मुंगोले , धोंडबा चटप, मुरलीधर मुंगोले, तेजराम चटप, नानाजी पिंपलकर, बाबूराव घोरमारे , भाऊराव चटप, इंदराज मुंगोले, रंजना ताई मुंगोले ,ललिता चटप , चंद्रकांत चटप , पैकुजी बल्कि ग्राम पंचायत सचिव हिम्मत गिरी एवं समस्त ग्रामवासी की उपस्थिति में भूमि पूजन का कार्यक्रम संपन्न किया गया।

कामठी में नए थानेदारों की नियुक्ति

कामठी.

> महेश आंधले नवीन कामठी के थाना प्रभारी

पुलिस आयुक्त रविन्द्र सिंघल द्वारा जारी पत्रक में नवीन कामठी थाना व कॉटन मार्केट परिमंडल में नए थानेदारों की नियुक्ति की गई है। कपिल नगर थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक पद पर कार्यरत इंस्पेक्टर महेश आंधले को नवीन कामठी थाना का प्रभारी बनाया गया है। नवीन कामठी थाना के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद पोरे को काजी कॉटन मार्केट परिमंडल की कमान सौंपी गई है।

नवीन कामठी थाना नव पदस्थापित थाना अध्यक्ष महेश आंधले से संपर्क किए जाने पर कहा कि अपराध नियंत्रण, विधि व्यवस्था प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था को मजबूत करने और पारदर्शी कार्यप्रणाली के लिए अपनी प्रतिबद्धता जताई। क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने का आश्वासन दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि थाने में नियमित जन सुनवाई होगी, जहां पीड़ितों की शिकायतों का निष्पक्ष और समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा। वहीं वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक प्रमोद पोरे ने नवीन कामठी थाना में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक रहते हुए अपनी एक अलग छवि और पहचान बनाई। और आज भी वहां की जनता उनके कामों को याद करके प्रशंसा करती है। उनकी विशेषता यह है कि जहां भी कोई घटना होती थी तो स्वयं ही मौके पर पहुंचे थे और आकलन करते थे। उसे घटना को सही तरीके से सही ढंग से वर्कआउट करने पर ध्यान फोकस करते थे। यदि किसी को कोई दिक्कत परेशानी, जाम, धरना प्रदर्शन की घटना होती थी तो वहां खुद ही जाते थे। जिसका परिणाम यह रहा कि जनता के साथ उनके संवाद बहुत अच्छे रहे हैं। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के पद पर रहते हुए उनकी सेवाएं सराहनीय एवं प्रशंसनीय कही जा सकती हैं।

बावनकुले ने विनोद संगेवार के संगठनात्मक कार्य की सराहना की

कामठी.

छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती के अवसर पर गोयल टॉकीज चौक पर बुधवार को आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, राजस्व मंत्री व पालकमंत्री चंद्रशेखर बावनकुले ने भाजपा कामठी शहर महामंत्री विनोद गणपति संगेवार के संगठनात्मक कार्य की तारीफ कर जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि विनोद संगेवार को वर्षों से जानता हूं और पार्टी में उनके उल्लेखनीय योगदान का गवाह हूं। उन्होंने हर संगठनात्मक, विधायी और कार्यकारी जिम्मेदारी को पूरी लगन से निभाया है और एक मेहनती नेता हैं, जिन्होंने अपना जीवन बीजेपी को मजबूत करने के लिए समर्पित कर दिया है। बुद्धिमत्ता और समृद्ध अंतर्दृष्टि के लिए उनका हमेशा सम्मान किया गया है।

विवेकानंद विद्यालय में बोर्ड परीक्षा के लिए छात्रों को दी भावभीनी विदाई

नागपुर.

नागपुर महानगर पालिका के विकास नगर स्थित विवेकानंद विद्यालय में बोर्ड परीक्षा में शामिल होने वाले 36 छात्रों को पिछले दिन भावभीनी विदाई दी गई। इनमें से अधिकतर छात्र छत्तीसगढ़ के हैं। कोल इंडिया रिटायर्ड ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन (सिरोवा) के उपाध्यक्ष अरूण हज़ारे ने समारोह की अध्यक्षता की। मुख्याध्यापक राज बोम्बाटे एवं अन्य शिक्षक प्रमुखता से उपस्थित थे। 36 छात्रों को उपहार और शुभकामनाएं देते हुए अरूण हज़ारे ने छात्रों को सलाह दी कि असफलता के डर पर विजय प्राप्त कर आगे बढ़ें। हज़ारे ने कहा कि मेहनत करें,क्योंकि सफलता का कोई शॉर्ट कट नहीं होता।अपने माता पिता और शिक्षकों का आदर करें। छात्रों ने भी रिटर्न गिफ्ट दिये जाने पर अध्यक्ष और शिक्षकों ने उनके प्रति स्नेहाशीष और आभार जताया।

महाशिवरात्रि पर देवी चित्रलेखा का सौसंर में स्वागत

सौसर.

सौसर भगवान अर्धनारीश्वर की पावन नगरी मोहगांव हवेली में महाशिवरात्रि के अवसर पर आज से प्रारंभ हो रहे शिवमहापुराण की कथावाचिका अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत भूषण दीदी देवी चित्रलेखा का आगमन सौसर नगर के ऊर्जास्थान छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर हुआ, जहां उन्होंने हिंदवी स्वराज संस्थापक आराध्य देव छत्रपति शिवाजी महाराज के अश्वारोही प्रतिमा का पूजन एवं माल्यार्पण कर आशीर्वाद लिया ।

दीदी चित्रलेखा से चर्चा के दौरान संगठन के सदस्यों ने छत्रपति शिवाजी महाराज चौक एवं प्रतिमा स्थापना के इतिहास से अवगत कराया ।

इसके पश्चात शिवराय संगठन सौसर ने दीदी देवी चित्रलेखा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया एवं छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक का छायाचित्र भेंट कर उनका सत्कार किया ,इस दौरान शिवराय संगठन सौसर मध्यप्रदेश के सभी पदाधिकारी सहित सदस्यगण उपस्थित रहे.

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बावनकुले ने जनसंपर्क कार्यालय का दौरा किया

सावनेर.

भारतीय जनता पार्टी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष एवं राजस्व मंत्री तथा नागपुर जिले के पालकमंत्री मा. चंद्रशेखर बावनकुळे ने भाजपा सावनेर तालुका अध्यक्ष मंदार मंगळे के जनसंपर्क कार्यालय का सदिच्छा दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पार्टी संगठन के कार्यों की सराहना की और कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक डॉ. आशिषबाबू देशमुख, डॉ. राजीव पोतदार, डॉ. विजय धोटे, रामराव मोवाडे, राजू घुगल, राजू भुजाडे, तुषार उमाटे, सोनू नवधिंगे, पिंटू सातपुते, महेश चकोले सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बावनकुळे के इस दौरे से कार्यकर्ताओं में जोश और उत्साह देखा गया। उन्होंने पार्टी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को समर्पित भाव से काम करने की अपील की।

परीक्षा के दौरान छात्रों को हेलमेट की छूट देने की डॉ. चिमणकर ने की मांग

कामठी.

ईको लॉजिक फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ. अभिषेक उमाकांत चिमणकर ने कामठी केंटोनमेंट स्टेशन हेडक्वार्टर के सीनियर ऑफिसर को प्रेषित ज्ञापन में मांग किया कि एसएससी परीक्षा के दौरान 17 मार्च तक छात्रों को हेलमेट से छुट दी जाए।

उन्होंने कहा कि केंटोनमेंट एरिया में एसएससी परीक्षा के लिए सेंट जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल एवं आश्रम गर्ल्स स्कूल में परीक्षा सेंटर बनाए गए हैं, जिससे बहुत से छात्रों को परीक्षा के वक्त हेलमेट पाबंदी का सामना करना पड़ सकता है। विद्यार्थी होने के नाते उनके पास हेलमेट होगा ही इसकी शाश्वती कम है। साथ कई छात्रों को केंटोनमेंट स्टेशन हेडक्वार्टर के नियम के बारे में जानकारी भी नहीं रहती है। कई छात्र स्कूल गणवेश में न होकर सिविल ड्रेस में परीक्षा देने चला आएगा। ऐसे समय में उनका आई - कार्ड के जरिए छात्रों को हेलमेट नहीं पहनने छूट दी जानी चाहिए। अन्यथा छात्रों को मानसिक रूप प्रताड़ित होना पड़ सकता है और परीक्षा का समय भी बर्बाद होने की संभावना बन सकती है। उन्होंने छात्रों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए छात्रों को हेलमेट नहीं पहनने विशेष छूट देने की मांग की है।

भाजपा का समर्पण-निधि संग्रहण अभियान युद्धस्तर पर जारी

सौसर. भारतीय जनता पार्टी के प्रदेष संगठन के निर्देष पर पांढुर्णा जिले में समर्पण निधि संग्रहण का कार्य युद्ध स्तर पर जारी हुआ है। जिला भाजपा अध्यक्ष संदीप मोहोड ने भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं से व्यक्तिगत तौर पर मिलकर समर्पण निधी का संग्रहण किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष मोहोड ने बताया कि, प्रदेष संगठन के निर्देष के अनुसार आर्थिक सूचिता एवं स्वालंबन हेतू समर्पण निधि संगहण अभियान चलाया जा रहा है। ताकि, भाजपा संगठन को सशक्त बनाने की दिशा में कार्य किया जा सके।

मौलाना आजाद की पुण्यतिथि पर बांटी सविधान की प्रति

नागपुर.

उत्तर नागपुर वाजपाई नगर कलमना मे भारत के पहले शिक्षा मंत्री समाज सुधारक भारत रत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की पुण्यतिथि के अवसर पर उत्तर नागपुर के विधायक डॉ. नितिन राउत के मार्गदर्शन मे ब्लॉक क्र. 15 के अध्यक्ष मूलचंद मेहर कि उपस्थिति मे महाराष्ट्र प्रदेश कॉग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग कि प्रदेश सचिव व गरीब नवाज खिदमत कमेटी कि मुख्य संयोजक शायदा बेगम अहमद खान ने मौलाना अबुल कलाम आजाद कि छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे भावपूर्ण श्रधांजलि अर्पित की, और अपनी महिलाओ के टीम के सात घर घर जाकर सविधान की जानकारी दी और सविधान की प्रति बांटी

24 वर्षीय युवक फिर से बोलने लगा

नागपुर.

> शालिनी ताई मेघे हॉस्पिटल में पक्षाघात पर अत्याधुनिक उपचार

भीषण सड़क दुर्घटना के दौरान हुए गंभीर पक्षाघात (अर्धांगवायू) के झटके से अपनी वाणी खो चुका एक युवक अब फिर से बोलने में सक्षम हो गया है। शालिनी ताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर में किए गए अत्याधुनिक उपचारों के कारण ही यह संभव हो सका हैं। यह घटना बुटीबोरी क्षेत्र की है, जहां 24 वर्षीय युवक को एक भीषण सड़क दुर्घटना के दौरान गंभीर पक्षाघात (अर्धांगवायू) का झटका लगा, जिससे उसकी बोलने की क्षमता चली गई थी। लेकिन वानाडोंगरी स्थित शालिनी ताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के न्यूरोसर्जरी विभाग में हुए अत्याधुनिक उपचारों से वह फिर से बोलने में सक्षम हो गया है। यह अस्पताल 1020 बिस्तरों वाला एक अत्याधुनिक और विश्वसनीय चिकित्सा केंद्र है।

स्थिति की गंभीरता को देखते हुए, अस्पताल के बहु-विशेषज्ञों की टीम ने तुरंत आपातकालीन उपचार शुरू किया। मरीज के मस्तिष्क में रक्त प्रवाह को पूर्ववत करने के लिए फटी हुई धमनियों पर स्टेंटिंग प्रक्रिया की गई। यह अत्याधुनिक इलाज महात्मा ज्योतिबा फुले जन आरोग्य योजना के तहत निःशुल्क किया गया।

इस दुर्लभ सर्जरी को सफल बनाने में न्यूरोलॉजिस्ट डॉ. जीवन किनकर, इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. निकुंज चौधरी, सावंगी स्थित न्यूरोइंटरवेंशन विभाग के प्रमुख डॉ. पंकज बानोडे, सहायक इंटरवेंशनल रेडियोलॉजिस्ट डॉ. शुभम डुगड और न्यूरोसर्जन डॉ. परेश कोरडे ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस पूरी प्रक्रिया में डॉ. अमोल, डॉ. अजिंक्य, डॉ. शीतल, आईसीयू टीम, वरिष्ठ नर्स प्रितिका, शुभांगी, पूजा और ब्रदर धनंजय ने मरीज की लगातार देखभाल की। डॉ. बाबासाहब आंबेडकर सुपरस्पेशलिटी इंस्टीट्यूट के प्रशासक डॉ. नुरूल अलीम ने प्रशासनिक सहयोग दिया, जबकि अहमिंद्र जैन ने कैशलेस योजना का समन्वय किया, जिससे मरीज को बिना किसी वित्तीय बाधा के उच्च गुणवत्ता वाला इलाज मिल सका। शालिनी ताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के निदेशक डॉ. अनुप मरार ने कहा की, "यह शस्त्रक्रिया अस्पताल में न्यूरो-इंटरवेंशन और पक्षाघात प्रबंधन की प्रगति को दर्शाता है। ऐसे मामलों में दीर्घकालिक विकलांगता को रोकने के लिए त्वरित निदान और शीघ्र उपचार आवश्यक होता है। हम आधुनिक चिकित्सा के माध्यम से बहु-आयामी दृष्टिकोण वाले उन्नत उपचार प्रदान कर रहे हैं जिससे मरीजों को सर्वोत्तम परिणाम मिल रहे हैं। यह महत्वपूर्ण शस्त्रक्रिया शालिनी ताई मेघे हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की उत्कृष्टता और मेघे ग्रुप के उच्च चिकित्सा मानकों की पुष्टि करती है।

सौसर. नगर के माली समाज के वरिष्ठ दिगंबर बलीराम घाटोड का शनिवार को दोपहर में निधन हुआ वह सेवा निवृत महाराष्ट्र शासन पेंशनर थे तथा नगर के कई सामाजिक धार्मिक संस्था के अलावा अन्य कार्य में संयुक्त रहते थे उनकी अंतिम यात्रा शनिवार को 5:00 बजे नगर के निजी निवास स्थान से मोक्षधाम में मुखाअग्नि दी गई इस अवसर पर परिवार के विट्ठल मंदिर ट्रस्ट की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई

शुभांक

श्रीदेवी	267-5	780-5
श्रीदेवी नाईट	139-3	569-0
प्रभात	469-9	477-8
प्रभात नाईट	680-4	-
डायमंड	117-9	220-4
मेन बाजार	-	-
मिलन डे	578-0	699-6
मेन रतन	267-5	248-4
कल्याण	224-8	455-4
राजधानी डे	258-5	668-0
राजधानी नाईट	-	-
कुबेर डे	-	-
डायमंड नाईट	167-4	236-1

शिवाजी महाराज की प्रेरणा आज की पीढ़ी के लिए आवश्यक: एकलारे

> शिवशंभूराजे प्रतिष्ठान ने शिवाजी जयंती उत्साहपूर्वक मनाई

नागपुर.

शिवाजी महाराज की प्रेरणा आज की युवा पीढ़ी के लिए अत्यंत आवश्यक है।

हिंदवी स्वराज्य के संस्थापक, श्रीमंत योगी छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती आशा कुसुम अपार्टमेंट परिसर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। "जय छत्रपति शिवाजी महाराज" के जयघोष के साथ शिवप्रेमियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ कार्यक्रम को भव्य रूप से संपन्न किया।

इस कार्यक्रम का आयोजन शिवशंभूराजे प्रतिष्ठान के तत्वावधान में किया गया, जिसमें प्रतिष्ठान के अध्यक्ष अंकुश एकलारे की अध्यक्षता रही। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि

कार्यक्रम में विशेष रूप से महिलाओं ने सुंदर पारंपरिक वेशभूषा धारण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित सभी गणमान्य व्यक्तियों ने छत्रपति शिवाजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित की।

जयंती समारोह के अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम के समापन पर महाप्रसाद का आयोजन भी किया गया, जिसमें भारी संख्या में शिवप्रेमियों ने प्रसाद ग्रहण किया।